वर्ष-01, अंक-140
छपरा
सोमवार 18 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## अग्नि सुरक्षा को लेकर चौसा में चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**दैनिक खोज खबर/मधेपुरा।** मधेपुरा जिले के चौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल चौसा परिसर में अग्निशमन विभाग के कर्मियों के द्वारा आग से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अग्निशमन विभाग कर्मियों ने मॉक ड्रील के माध्यम से सुरक्षा के कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। टीम के सदस्यों ने डेमो के जरिए लोगों को जागरूक किया। अग्निशमन दल के प्रभारी दुलन पासवान, अग्निक रविकांत ठाकुर,बिचेन्द्र सिंह और धनन्जय कुमार ने बताया कि आग लगने पर खुद को अलर्ट रखें और दूसरों को भी मार्गदर्शित करें। असामान्य स्थिति में अपनी आंखे बंद करके बाहर निकलें। उन्होंने बताया कि खाना बनाते समय किचन में अतिरिक्त सावधानी बरतें। प्राथमिक उपचार कीट को हमेशा तैयार रखें। मिट्टी तेल, गैस सिलेंडर आदि ज्वलनशील वस्तुओं को बच्चों की पहुंच से दूर रखें। बच्चों को अग्नि सुरक्षा के नियम से अवगत कराते रहें। इस दौरान विद्यालय के निदेशक आशीष कुमार,राजकिशोर यादव,जयप्रकाश शर्मा,दीपक कुमार,अर्जुन कुमार,घनश्याम कुमार,प्रवीण कुमार,मोनजीर साह,अमित कुमार,प्रियंका कुमारी,आँचल कुमारी,जिया कुमारी,अनुराधा कुमारी समेत छात्र छात्राओ और शिक्षक मौजूद रहे।

## अंगूठा मिलान में 66 शिक्षक रहे अनुपस्थित

**हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में रविवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डा. राजकुमारी की देखरेख में सक्षमता परीक्षा में शामिल शिक्षकों का अंगूठा मिलान का कार्य किया गया। इसके पहले प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विभिन्न पंचायत के समय के अनुसार सक्षमता में शामिल शिक्षकों को अपने परीक्षा से संबंधित कागजात लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। इसको ले शिक्षक द्वारा अपने समयावधि पर थंब इंप्रेशन का कार्य कराया गया। इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि कुल 500 में 434 शिक्षक थंब इंप्रेशन में शामिल हुए जबकि 66 शिक्षक अनुपस्थित रहे। थंब इंप्रेशन के लिए दो काउंटर बनाए गए थे। इस अवसर पर बीआरपी कैलाश पाठक, अजीत मिश्रा व लेखा लिपिक नीरज कुमार, बीपीएम रोहित सिंह सहित पंचायत व प्रखंड के नियोजित शिक्षक उपस्थित थे।

## घर से नकद, आभूषण सहित सात लाख की संपत्ति की चोरी

**बड़हरिया(सिवान)।** थाना क्षेत्र के कोइरीगांवा में शनिवार की रात चोरों ने एक घर में प्रवेश कर 40 हजार नकद, आभूषण समेत करीब सात लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। इस मामले में पीड़ित धीरजेश चौधरी ने थाना को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।गृह स्वामी ने बताया कि शनिवार की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। तभी चोर घर के पीछे के दरवाजे से छत पर चढ़ गए तथा आंगन में उतर कर कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखे 40 हजार रुपये नकद, दो लाख 60 हजार के आभूषण, 20 हजार के बर्तन समेत करीब सात लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। इस दौरान शक होने पर स्वजन जगे तब तक चोर छत के रास्ते घर के बाहर निकल फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में दो घायल, आठ के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के सहुली गांव में 15 मार्च को आपसी विवाद को ले दो पक्षों में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया। घायलों में गांव के ही इमरान अली एवं शमा खातून शामिल हैं। इस मामले में सहुली निवासी हसन अंसारी की पत्नी अमिना खातून ने थाना में आवेदन देते गांव के ही आठ लोगों को आरोपित किया है। उसने आरोप लगाया है कि मेरा पुत्र इमरान अली 15 मार्च की शाम मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहा था तभी गांव के ही शिखर सिन्हा की साइकिल से धक्का लग गया। इस बात को लेकर दोनों हाथापाई हुई। इसके बाद मेरा पुत्र घर चला आया। कुछ देर के बाद शिखर सिन्हा, अपने सहयोगी संजय श्रीवास्तव, दीपू श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, बाला कुमार, फुल्टू कुमार, रौनक ओझा, अभिषेक कुमार लाठी-डंडे के साथ मेरे दरवाजे पर पहुंचे मेरे पुत्र के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई मेरी भतीजी शमा खातून को भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर बचाने पर आसपास के लोग जब तक पहुंचते सभी हमलावर फरार हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि शिखर सिन्हा समेत आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में जीविका की भूमिका सराहनीय

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के भलुआरा पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनाने में जीविका दीदी की भूमिका सराहनीय देखी जा रही है। जीविका दीदी परिवार के सदस्य एवं ग्रामीणों के घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड के महत्व को बताते हुए उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। वहीं जीविका कर्मी प्रखंड परियोजना प्रबंधक नलिनी रंजन झा, क्षेत्रीय समन्वयक रंजीत कुमार श्रीवास्तव, विश्वंभर कुमार गुप्ता, बीआरपी परमेश्वर साह द्वारा समुदाय के प्रत्येक सदस्यों का आयुष्मान भारत कार्ड मोबाइल के माध्यम से बनाया जा रहा है।

# मुंबई में I.N.D.I.A की रैली, तेजस्वी हुए शामिल

### कहा- बिहार देगा चौंकाने वाला रिजल्ट; मोदी जी की दवाई करने के लिए तैयार हैं लालू जी

**पटना,एजेन्सी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन रविवार रात महाराष्ट्र के मुंबई में हुआ। न्याय यात्रा के समापन को लेकर शिवाजी पार्क में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। सभा में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव एवं माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य भी शामिल हुए।

इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश में यात्रा कर प्रासंगिक संदेश देने का काम किया है। आज के समय में प्रोपगैंडा किया जा रहा है। चुनी हुई सरकारों को खरीदा जा रहा है। ईडी-सीबीआई के जरिए डराया जा रहा है और सरकार गिराया जा रहा है। संविधान, लोकतंत्र पर खतरा है। राहुल गांधी ने अमन चैन कायम करने के लिए, नफरत को हराने के लिए भारत जोड़ो यात्रा की है।

**देश में सबसे बड़ा दुश्मन बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी :** तेजस्वी यादव ने कहा, मोदी जी को हराने के लिए नहीं, देश को बांटने वाली सोच को हम हराना चाहते हैं। हमारी लड़ाई व्यक्तिगत रूप में मोदी जी या अमित शाह जी नहीं है। हम लोग हमेशा से ऐसी विचारधारा से हमेशा लड़े हैं। जिनका आजादी में योगदान नहीं रहा हो, जिन्होंने अपने दफ्तर पर तिरंगा नहीं फहराया हो और कह रहे हैं कि सबसे बड़े देशभक्त हैं। मेरा मानना है कि देश में सबसे बड़ा दुश्मन है तो वह बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी।

**मोदी जी की दवाई करने के लिए तैयार हैं लालू जी :** तेजस्वी ने कहा, हम लालू जी का पैगाम लेकर आए हैं। उन्हें डॉक्टर ने ज्यादा घूमने-फिरने से मना किया है, लेकिन लालू प्रसाद अभी भी मोदी जी की दवाई करने के लिए तैयार हैं।



### बीजेपी वाले गोबर को भी हलुआ कर के परोस देते है

तेजस्वी ने भोजपुरी में कहा कि हम रऊआ लोग से कहत बानी कि बच के रहिए इ भाजपा के लोग से, ये लोग गोबर को भी हलुआ कर के परोस देता है, इतना झूठ बोलते है। हम पहले भी कई बार बोले हैं, मोदी जी पीएम हैं ठीक हैं, लेकिन वे झूठ बोलने के मैन्यूफैक्चर, डिस्ट्रीब्यूटर और होलसेलर हैं। हम लोग सच्चे लोग हैं। सच्चे लोग को कितना भी डराओगे हम डरने वाले नहीं है। इनकी गीदड़ भभकी से हम लोग डरने वाले नहीं हैं।

### बिहार इस बार चौंकाने वाला रिजल्ट देंगे- तेजस्वी

मुंबई रवाना होने से पहले पटना में रविवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग बहुत ही कॉन्फिडेंट है। हमलोगों की पूरी तैयारी है। बिहार इस बार चौंकाने वाला रिजल्ट देंगे। तेजस्वी और राहुल गांधी के बीच सीट शेयरिंग को लेकर होगी बात!

### कांग्रेस भी सम्मानजनक समझौता चाहती है

कांग्रेस इलेक्शन कमेटी और स्क्रीनिंग कमेटी में यह बात उठी कि कांग्रेस के साथ सम्मानजनक समझौता हो। कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शरबत जहां, मुन्ना तिवारी ने बैठक में यह सवाल उठाया। कांग्रेस 10 सीटों की मांग कर रही है। हालांकि, आरजेडी और लेफ्ट की मदद से फिर से राज्यसभा गए अखिलेश ने कहा कि इसमें कुछ आगे-पीछे हो सकता है। सीट शेयरिंग के लिए कांग्रेस की इलेक्शन कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और सोनिया गांधी को अधिकृत कर दिया है।

## राहुल बोले- राजा की आत्मा EVM, ED-CBI में है

### मोदी एक्टर्स की तरह मुखौटा, वे मुझसे डरते हैं; उनकी छाती 56 इंच की नहीं

**मुंबई,एजेन्सी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन रविवार रात मुंबई में हुआ। यहां के शिवाजी पार्क में हुई सभा में राहुल गांधी ने कहा- राजा की आत्मा EVM, CBI, ED, इनकम टैक्स में है। इसी के दम पर वो नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल करा रहे हैं। कांग्रेस, शिवसेना, NCP-SCP के लोग यूं ही चले गए? वे सब डरकर बीजेपी में गए हैं।

नरेंद्र मोदी मुखौटा है। जैसे बॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस हैं। उनसे कुछ करने को कहा जाता है, वैसे ही मोदी हैं। उनकी 56 इंच की छाती नहीं है, खोखला व्यक्ति है। मैं सिस्टम को अंदर से जानता हूं, इसलिए वो मुझसे डरते हैं।शिवाजी पार्क में हुई रैली में राहुल के अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राजद नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना (UBT) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, NCP (शरद गुट) प्रमुख शरद पवार समेत सपा, आम आदमी पार्टी (AAP) सहित I.N.D.I.A ब्लॉक की अन्य पार्टियों के नेता मौजूद हैं।

इससे पहले राहुल गांधी ने मुंबई में मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक न्याय संकल्प पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा में उनके साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और एक्ट्रेस स्वरा भास्कर भी मौजूद रहीं।

## स्वर्ण व्यवसायी का हाथ-पैर बांधा..फिर की लूटपाट

### बांका में दिनदहाड़े 1 किलो चांदी और 50 हजार कैश लूटे, भागते दिखे 3 बदमाश

**बांका,एजेन्सी।** बांका में रविवार को दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की गई। बाइक सवार तीन बदमाश दुकान के पास पहुंचे और स्वर्ण व्यवसायी का हाथ-पैर बांध दिया। फिर मुंह पर टेप चिपका दिया। इसके बाद दुकान से एक किलो चांदी और 50 हजार कैश लेकर भाग निकले। दुकान के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में तीन बदमाश एक के बाद एक भागते दिखे।

घटना बाराहाट थाना क्षेत्र की है। दिनदहाड़े लूट की वारदात से इलाके में दहशत फैल गई है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

**जान प्यारी हो तो चुपचाप रहो :** स्वर्ण व्यवसायी रमेश चौधरी ने बताया कि तीन युवक दुकान के अंदर घुसे। हथियार सटाकर मुझसे कहा- जान प्यारी है तो चुपचाप रहो। इसके बाद तीनों ने पहले मेरा हाथ-पैर बांध दिया। इसके बाद मुंह पर टेप चिपका दिया और दूसरे कमरे में ले जाकर बंद कर दिया। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद तीनों ने दुकान के आगे का



शटर गिरा दिया और मौके से फरार हो गए।बाराहाट थानाध्यक्ष दीपक पासवान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें तीन अपराधी भागे दिख रहा है। शीघ्र ही तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**लोगों को व्यवसायी ने सुनाई आपबीती :** घटना के बाद जब दुकान के पास किसी की चहल-पहल नहीं हो रही थी तो लोगों को शक हुआ। इसके बाद मौके पर लोग पहुंचे लगे। फिर व्यवसायी ने घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने पीड़ित के हाथ-पैर की रस्सी को खोला। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। स्वर्ण व्यवसायी ने पुलिस से 1 किलो चांदी और 50 हजार कैश लूट की शिकायत की है। दुकानदार के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## अरुणाचल और सिक्किम में काउंटिंग की तारीख बदली

### अब 4 की बजाय 2 जून को होगी; इसी दिन दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल खत्म हो रहा

**नई दिल्ली ,एजेन्सी।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में होने वाले विधानासभा चुनाव की मतगणना की तारीख बदल दी है। इलेक्शन कमीशन ने पहले काउंटिंग की तारीख 4 जून घोषित की थी। इसे बदलकर अब 2 जून कर दिया है। दोनों राज्यों में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा के भी चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दोनों राज्यों में विधानसभा कार्यकाल 2 जून को खत्म हो रहा है इसलिए तारीख बदली गई। अरुणाचल और सिक्किम में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले 16 मार्च को इलेक्शन कमीशन ने चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था।



# युवा मतदाता एकादश बनाम प्रशासन एकादश के बीच खेला गया प्रदर्शनी क्रिकेट मैच

## स्वस्थ लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण- जिला निर्वाचन पदाधिकारी

### मतदाता सूची में युवाओं के निबंधन हेतु बीएलओ भी रहे मौजूद, 51 युवाओं ने फॉर्म 6 किया जमा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा अनेक माध्यमों से युवाओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया है। इस क्लब के माध्यम से युवाओं को लोकतंत्र में उनकी सहभागिता हेतु प्रेरित किया जा रहा है।इसी कड़ी में रविवार को स्वीप कोषांग द्वारा राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में युवा मतदाता एकादश बनाम प्रशासन एकादश प्रदर्शनी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

मैच से पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने स्टेडियम में वोटर सेल्फी पॉइंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री समीर ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान से पूर्व जिला में 18-19 वर्ष आयुवर्ग के लगभग 55 हजार मतदाता ही निर्वाचक सूची में शामिल थे। पुनरीक्षण अभियान में युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर विशेष बल दिया गया, जिसके फलस्वरूप जनवरी -2024 में प्रकाशित मतदाता सूची में 18-19 आयुवर्ग के 34 हजार से अधिक युवाओं का नाम जोड़ा गया है, जिसे और भी बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने भावी मतदाताओं व युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि जो युवा 17 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं परंतु अभी 18 वर्ष के नहीं हुये हैं, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के उपरांत जैसे ही वे 18 वर्ष के होंगे, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो जायेगा। स्टेडियम में भी स्थानीय बीएलओ हेल्प डेस्क पर मौजूद थे। 51 युवाओं ने मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिये फॉर्म 6 जमा किया।

मैच में प्रशासन एकादश के कप्तान जिलाधिकारी अमन समीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। प्रशासन एकादश ने तीन विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाये। जिलाधिकारी अमन समीर ने 80 रन बनाये। जबाब में युवा मतदाता एकादश 185 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस प्रकार प्रशासन एकादश ने 32 रनों से जीत



दर्ज की। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी, नगर आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्त्ता शंभु शरण पांडेय, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत संजय कुमार, परिक्ष्यमान सहायक समाहर्त्ता श्रेया श्री, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कुमारी अनुपमा एवं जिला योजना पदाधिकारी भानु प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी एवं युवा खिलाड़ी आदि उपस्थित थे।

# मुबारकपुर गांव में अपराध की योजना बना रहे चार सशस्त्र अपराधी गिरफ्तार

## सारण के मांझी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**छपरा/मांझी (सारण)।** शनिवार की रात मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या पाठशाला में इकट्ठा होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे चार सशस्त्र अपराधकर्मियों को मांझी थाना पुलिस ने छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा, धारदार हथियार व मोबाइल आदि जब्त किया है।

मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार राम द्वार थाना में उक्त आशय की एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में यह कहा गया है कि शनिवार की रात पुलिस पदाधिकारी रामजी यादव तथा पुलिस बल विवेकानंद कुमार, श्रवण कुमार यादव तथा सोनू कुमार के साथ वे रात्रि गश्ती हेतु थाना क्षेत्र के कटोखर पहुंचे।

तभी गुप्त सूचना मिली कि मुबारकपुर कन्या पाठशाला में लगभग आधा दर्जन अपराधकर्मी हथियार से लैस होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पाकर पहुंची मांझी पुलिस की टीम ने विद्यालय को घेरकर छापेमारी शुरू कर दी।

इस दौरान पुलिस ने चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों में थाना क्षेत्र के मुबारकपुर रेवल टोला निवासी शम्भू यादव का पुत्र चन्दन कुमार यादव, महम्मदपुर निवासी रंजीत पाण्डेय का पुत्र उपेन्द्र पाण्डेय, सिंगही गांव निवासी तूफानी महतो का पुत्र अभिमन्यु महतो उर्फ पंकज महतो तथा गरहन महतो का पुत्र अच्छे लाल कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए चारों अपराधकर्मियों को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया है।

# डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए परसा की सौम्या शालिनी को चयनित होने पर स्वजनो में हर्ष

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद में परसा के बहलोलपुर निवासी अधिवक्ता जीवनंदन शर्मा व सीमा शर्मा की पुत्री सौम्या शालिनी का डाकटोरल फेलोशिप की राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में 36वा स्थान प्राप्त कर परसा सहित पूरे सारण जिले का नाम रौशन किया है।सौम्या ने लगातार चार बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण किया है।सौम्या ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा छपरा के एएनडी स्कूल में प्राप्त करने के उपरांत पटना विमेंस कालेज से इतिहास में स्नातक व पटना विश्व विद्यालय से परास्नातक की पढ़ाई पूरी की है । वर्तमान में सौम्या ब्रिटिश भारत से मरीशस में अनुबंधित श्रम प्रवासन व भोजपुरी लोक संस्कृति का प्रसार विषय पर शोध कर रही है ।सौम्या ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है।



# शराब के दो धंधेबाज समेत चार आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** एकमा थाने की पुलिस ने शराब के दो धंधेबाजों समेत चार फरार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने इस दौरान तीन लीटर देशी शराब बरामद किया। बताया जाता है कि एकमा थाने की पुलिस ने गंजपर गांव में छापेमारी कर दो लीटर देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने इस दौरान शराब के धंधेबाज नरेश चौधरी को मौके से गिरफ्तार किया। जबकि परसागढ़ बाजार में छापेमारी कर एकमा थाने की पुलिस ने एक लीटर देशी शराब बरामद कर शराब के धंधेबाज मनोज चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने छापेमारी कर फरार आरोपित एकमा गांव निवासी संतोष चौधरी व भरहोपुर मठिया गांव निवासी अमित कुमार साह को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार चारों आरोपितों को जेल भेज दिया है।

# दुर्घटना में सीएचसी का सुरक्षा गार्ड घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में स्थित मांझी-बरौली सड़क एस एच 96 पर नवतन गांव के समीप एक साइकिल सवार को बचाने के दौरान अचानक बाइक के अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट जाने से एकमा सीएचसी के सुरक्षा गार्ड शशिभूषण मिश्र घायल हो गए। बताया जाता है कि सीएचसी में ड्यूटी कर शशिभूषण मिश्र अपनी बाइक से देर संध्या में दाउदपुर थाना क्षेत्र के बरेजा गांव स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान नवतन गांव के समीप अचानक एक साइकिल सवार सामने आ गया. साइकिल सवार को बचाने के दौरान इनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई और शशिभूषण मिश्र घायल हो गये। आसपास के लोगों ने तत्काल घायल को एंबुलेंस से लाकर एकमा सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां घायल शशिभूषण मिश्र का उपचार हो रहा है।

# 75 लीटर देशी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

## देशी शराब बनाने के उपकरण भी बरामद

**लहलादपुर (सारण)।** जनता बाजार थाना की पुलिस टीम ने रात्रि गश्ती के दौरान दो शराब व्यवसायियों दयालपुर निवासी सुधन चौधरी पुत्र गुड्डू चौधरी को 45 लीटर देशी शराब के साथ एवं सोभीपुर निवासी धर्मनाथ चौधरी पुत्र दिलीप कुमार चौधरी को 30 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं दोनों के घर के पास लगभग 100-100 लीटर महुआ, मीठा का शराब बनाने वाला घोल बरामद हुआ। जिसे वहीं नष्ट कर दिया गया। इस दौरान गैस चुल्हा, सिलेंडर, स्टील का ड्रम आदि शराब बनाने वाले उपकरण को बरामद कर थाना लाया गया। तत्पश्चात दोनों शराब कारोबारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर सामग्री की चोरी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मिर्जापुर के उत्क्रमित? मध्य विधालय तालपुरैना में चोरों ने दो कमरे का ताला तोड़कर हजारो रुपयें? के सामग्री की चोरी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच किया है। विधालय के प्रधान धर्मेन्द्र राय ने बताया कि रविवार को स्थानीय ग्रामीणों ने विधालय में चोरी होने की सूचना दी थी। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखे के विधालय के कार्यलय और गोदाम में रखे बर्तन चावल चोरी हो चूके थे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि 12 पॉकेट चावल,160 पीस थाली के साथ अलमारी तोड़कर विधालय अभिलेख आदि की चोरी अज्ञात चोरों ने किया है।

# छपरा होकर चलेगी मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल होली स्पेशल ट्रेन

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्योहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04022/04021 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल होली विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 21 मार्च, 2024 को तथा मुजफ्फरपुर से 22 मार्च, 2024 को एक फेरे हेतु किया जायेगा।

04022 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर होली विशेष गाड़ी 21 मार्च, 2024 को आनन्द विहार टर्मिनल से 2355 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मुरादाबाद से 0323 बजे, चन्दौसी से 0420 बजे, लखनऊ से 10.15 बजे, गोरखपुर से 1530 बजे, छपरा से 1835 बजे तथा हाजीपुर से 2005 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 2130 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्री में 04021 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल होली विशेष गाड़ी 22 मार्च, 2024 को मुजफ्फरपुर से 2300 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 2355 बजे, छपरा से 0145 बजे गोरखपुर से 05.15 बजे, लखनऊ से 1150 बजे, चन्दौसी से 1852 बजे तथा मुरादाबाद से 2030 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 2330 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय सह द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी का 15, साधारण द्वितीय श्रेणी का 03 तथा सीज़ीएसएलआरडी. के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाए जायेंगे।

# शिविर में 200 मरीजों के हुए स्वास्थ्य परीक्षण

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह जागरूकता शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** स्वयंसेवी संस्था जानकी एजुकेशनल एंड सोशल ट्रष्ट के तत्वावधान में नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के भरहोपुर गांव निवासी संग्राम सिंह के आवासीय परिसर में निःशल्क स्वास्थ्य जांच सह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 मरीजों का सुगर, अस्थमा, बल्डप्रेशर, हड्डियों का? दर्द, सर दर्द, बुखार, सर्दी , खासी आदि बीमारियों की जांच व उपचार किया गया। इस दौरान मरीजों को निः शुल्क दवाएं भी उपलब्ध करायी गयी।

इस शिविर के संचालन व आयोजन में डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव, डॉ.आर कुमार, डॉ.एस कुमार यादव, दीप कुमार कुशवाहा, संग्राम सिंह ,धनंजय कुमार, डॉ.केडी.यादव, रंजीत कुमार सिंह, विकास ?भारती आदि? का सराहनीय सहयोग रहा। वहीं संस्था के अध्यक्ष डॉ.सत्यदेव प्रसाद यादव ने शिविर में सेवाएं देने वाले सभी चिकित्सक बन्धुओं व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## होली मिलन में समाजिक बुराई को खत्म करने का लोगों ने किया आह्वान



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** गोस्वामी समाज ने आयोजित होली मिलन समारोह में सभी से बुरी आदतों का त्याग करने और आपसी मिल्लत में होली मनाने की बात कही गई । सारण जिला गोस्वामी महासभा के तत्वाधान में प्रखंड के गलोबल स्कूल कर्णपुरा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिला अध्यक्ष लालबाबू गिरि की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में गोस्वामी समाज के उत्थान पर भी चर्चा की गई। मुख्य अतिथि मुखिया श्याम सुन्दर गिरि, विशिष्ट अतिथि सरपंच सभा पुरी, पूर्व मुखिया योगेन्द्र गिरि, उपसरपंच राजहरण गिरि, युवा अध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरि, अधिवक्ता अनिल गिरि, विभू गिरि, पूर्व प्रचार्य बबन गिरि, डा लालबाबू गिरि, नवीन पुरी सहित अन्य की मौजूदगी में समाज की स्थिति और उत्थान पर चर्चा की गई। सभी के द्वारा लोगों से शराब व मादक पदार्थों के सेवन का परित्याग करने और बच्चों की शिक्षित बनाने का आह्वान किया गया। लोगों ने माना की समाज का उत्थान एक दुसरे की आलोचना से नही बल्कि उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा से होगी। इसलिए जरूरी है कि सभी लोग एक दुसरे का सहयोग करे और व्यक्ति के अच्छे गुण और कार्यों की चर्चा करे। मुख्य अतिथि अमनौर रसुलपुर मुखिया श्याम सुन्दर गिरि ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में व्यक्तिगत के साथ सामाजिक दायित्व निहित होता है। सभी की यह नैतिक जवाबदेही है कि वह अपने समाज की बेहतरी में अपना योगदान दे। समाज निर्माण का कार्य सामूहिकता का विषय वस्तु है इसलीए सभी लोगों को अपनी क्षमता अनुसार योगदान देने की जरूरत है। इस अवसर पर अध्यक्ष लालबाबू गिरि व अतिथियों ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना और बधाई दी। अध्यक्ष ने कहा कि हमे यह भी देखना है कि हम पर्व की खुशी मनाएं वही हमारे समाज का कोई अन्य अभाव या किसी परेशानी में खुशी से वंचित भी नही रहे । इस अवसर पर जितेंद्र गिरि, कालेश्वर गिरि, मुरारी गिरि, मनोरंजन पुरी, ग्लोबल स्कूल के प्राचार्य संजीत गिरि, निदेशक विकास गिरी, संपत , वीरेंद्र गिरि सहित अन्य उपस्थित थे ।



# अग्निकर्मियों ने आधा दर्जन स्थानों पर चलाया जागरुकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** अनुमंडलीय फायर स्टेशन के कर्मियों ने प्रखंड के मंझवलिया, औदालपट्टी, बहुआपट्टी में जागरुकता अभियान चलाया। फायर ऑफिसर राम अखिलेश सिंह के नेतृत्व में मढ़ौरा के इंदर पेट्रोलियम और एचएस पेट्रोलियम के पम्प पर पहुंच कर मॉक ड्रिल किया। इस दौरान पेट्रोल पंप के कर्मियों को आग से बचाव की ट्रेनिंग दी। मंझवलिया के मध्य विधालय ऊर्दू में बच्चों के बीच मॉक ड्रिल का प्रदर्शन करके उनके बीच जागरुकता अभियान चलाया। बाद में रसूललपुर पंचायत के औदालपट्टी वार्ड 10, माधोपुर के दयालपुर में और बहुआरापट्टी पंचायत के वार्ड-13 में जीविका दीदी के साथ बैठक किया और उन्हे मॉक ड्रिल से आग से बचाव की ट्रेनिंग दी। कर्मियों ने आग लगने के समान्य कारणों की चर्चा करते हुए विकट स्थिति में रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान लोगों के बीच पम्पलेट का वितरण किया गया। अग्नि कर्मियों ने वाहन से घूम-घूमकर लोगों के बीच आग से बचावौर रोकथाम का प्रचार प्रसार किया, पंपलेट देकर निर्देश का पालन? करने का आग्रह किया। जागरूकता कार्यक्रम में अनुमंडलीय फायर स्टेशन के ऑफिसर राम अखिलेश सिंह, अग्निक उपेंद्र कुमार, बासुकी राय, रूपेश कुमार, छोटू कुमार, सुरजीत कुमार राम, रविंद्र कुमार, चंद्रकांत कुमार, शशि भूषण कुमार, संतोष कुमार तांती सहित अन्य उपस्थित थे।

# डाक कर्मियों ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा प्रधान डाकघर के समीप स्थित एक बैंक्विट हाल में डाक कर्मियों ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 की संख्या में ग्रुप सी के अलावे शाखा डाकघर के कर्मचारी भी शामिल हुए।कर्मियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले। राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ के सचिव जयशंकर ओझा ने कहा कि हम सभी को गिले शिकवे भूल कर इस त्यौहार को सौहार्द रूप से मनाना चाहिए। उन्होंने कहा होली का त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है। डाक कर्मियों ने कार्यक्रम के आरंभ में सारण जिला में स्थानीय समस्या पर बारी-बारी से चर्चा किया। इसी क्रम में बीते 19 फरवरी को संघ के द्वारा उठाए गए मुद्दे पर बुलेटिन जारी किया गया था। कर्मचारियों ने एक स्वर से कहा कि इनमें कुछ मुद्दे पर तो अमल किया गया किंतु इसमें अधिकांश मुद्दे पर संतोषजनक जवाब नहीं दी गई तथा कार्य भी अभी तक नहीं हो रहा है। कर्मियों ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या यहां पिछले कई वर्षों से कर्मचारियों के कार्य का मूल्यांकन नहीं हो पाया फल स्वरूप उनका अपार नहीं लिखे जाने के कारण वेतन पर इसका असर पड़ रहा है। इससे कई कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं।वहीं दूसरी ओर बुलेटिन पर प्रशासन की ओर से सकारात्मक कार्रवाई करने के लिए सर्व समिति से प्रसन्नता व्यक्त की गई।डाककर्मी ने कहा कि केवीपी,एनएससी तथा टीडी का मैन्युअल भुगतान पर रोक लगा दी गई थी जिससे ग्राहकों तथा डाककर्मियों को काफी परेशानी हो रही थी।ग्राहकों तथा कर्मियों के बीच डेली तू तु मैं मैं हो रहा था संघ के द्वारा उठाए गए सवाल के बाद प्रशासन भुगतान शुरू किया।वही डाक कर्मियों ने एक स्वर में कहा कि बुलेटिन में शेष बचे कार्यों पर कार्य नहीं किया जा रहा है।

ग्रामीण डाक सेवक की समस्या पर की गई चर्चा

ग्रामीण डाक सेवक संघ जीडीएस के सर्कल सचिव महेश पासवान ने शाखा डाकघर में कार्यरत बीपीएम तथा एबीपीएम की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि बकाया सब्सीट्यूट तथा कंबाइनड ड्यूटी एनाउंस का बकाया राशि का अगर अविलंब भुगतान नहीं हुआ

तब वे इस बात को बिहार चीफ पोस्ट मास्टर जनरल के समीप रखेंगे। इसी क्रम में एआइपीयूके डिविजनल सेक्रेटरी संजय सिंह ने हुंकार भरते हुए

कहा कि अब हर परिस्थिति में ग्रामीण डाक सेवक विभागीय कर्मचारियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। इस कार्यक्रम में ट्रेड यूनियन के करुणा निधि सिंह आफताब आलम आशीष भारती मनोज कुमार सिंह शैलेंद्र सिंह राहुल कुमार तारकेश्वर पासवान राजेश सिंह अभिजीत सिंह सिद्धनाथ सिंह राजीव सिंह मधुसूदन प्रसाद अर्जुन कुमार राहुल कुमार सूरज कुमार दिलीप कुमार सूर्य प्रकाश अंजनी विद्यार्थी समेत कई डाककर्मी मौजूद रहे।



# लोकसभा चुनाव को लेकर सोनपुर एसडीओ-डीएसपी ने पुलिस बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** होली व लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लेकर सोनपुर एसडीओ कुमार निशांत विवेक व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष व थाना में पदस्थापित पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों के साथ नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। सोनपुर एसडीओ ने फ्लैग मार्च के दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जा रही है। नगर से लेकर गांवों में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि दिखें तो इसकी तत्काल सूचना प्रशासन को दे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है चुनाव आचार संहिता के पालन में सभी तत्पर रहें। इससे चुनाव में शांति बनाएं रखने में मदद मिले। डीएसपी नवल किशोर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि थाना क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई भी शिकायत हैं तो उनसे मिल अपनी शिकायत रख सकते हैं।बताते कि लोकसभा चुनाव में वोटरों को भयमुक्त माहौल मुहैया करवाने के उद्देश्य से पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया ताकि आम जनता में विश्वास बहाल किया जा सके। चुनाव आयोग ने लोक सभा चुनाव की अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई।जिले में धारा 144 लागू हो गया है। आगामी 20 मई को सारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लोक सभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के मद्देनजर स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों और पुलिस के जवानों ने संयुक्त रूप फ्लैग मार्च किया। इस फ्लैग मार्च में सर्किल इंस्पेक्टर इंद्रजीत कुमार व उज्जवल कुमार, सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन, हरिहरनाथ थानाध्यक्ष स्वर्ण सुप्रिया, पहलेजा थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी, नयागांव थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा समेत दर्जनों अर्द्ध सैनिक बल और पुलिस के जवान शामिल थे। इसके बाद में एसडीओ और एसडीपीओ ने बताया कि भयमुक्त व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने और समाज के कमजोर तबके के लोगों के मन में प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा करने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने लोगों से भय मुक्त होकर मतदान में शामिल होने की अपील की।



## सन्देहास्पद स्थिति में युवक की मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

### थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई हैं घटना, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के बगही हरखपुर गांव में सन्देहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली के खम्बे से टकराने से युवक की मौत हुई हैं जबकि परिजनों का आरोप है कि युवक की चाकू गोदकर हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुचकर जांच में जुट गई हैं। मृतक बगही हरखपुर गांव निवासी विजय साह का 17 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार बताया गया हैं। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि में युवक बाइक से काफी तेजी में जा रहा था जो अनियंत्रित होकर बिजली के खम्बे से टकरा गया जिससे उसके सिर में काफी चोट लग गई। स्थानीय लोग उसके परिजनों को सूचना देने के बाद युवक को रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि परिजनों का आरोप हैं कि रात्रि में नितेश को किसी ने फोन कर उसे बुलाया और चाकू गोद कर उसकी हत्या कर शव को बिजली के खम्बे के समीप फेक दिया हैं। इधर घटना के बाद गांव में कोहरा मचा हुआ है घटना के बाद आक्रोशित परिजन शव को लेकर थाने पर पहुच गए और हंगामा करने लगे एवं तरैया बाजार पर शव को रखकर सड़क जाम करने का प्रयास करने लगे। वहीं सूचना मिलने के बाद तरैया थाना पुलिस मौके पर पहुचकर आक्रोशितों को समझा बूझकर शांत कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है।

## बंध्याकरण शिविर में भर्ती महिला की हालत बिगड़ी, बेहोशी में रेफर महिला की मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** शनिवार को मांझी सीएचसी में आयोजित बन्ध्याकरण शिविर में भर्ती एक महिला मरीज को बेहोश करने के घण्टों बाद होश नही आने पर चिकित्सकों ने उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने महिला मरीज को मृत घोषित कर दिया। मृतका मांझी थाना क्षेत्र के कटोखर गाँव निवासी सुरेश पँडित की पत्नी देवरती देवी उम्र 35 वर्ष बताई जाती है। महिला मरीज की मौत के बाद उसके साथ गए परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे, जिससे सदर अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गया। बाद में चिकित्सकों ने सारण के डीएम अमन समीर के निर्देश पर विशेष परिस्थिति में देर रात को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुँचे भगवान बाजार थाना के पुलिस पदाधिकारी को दिए बयान में मृतका के पति सुरेश पँडित ने आरोप लगाया है कि सम्बन्धित चिकित्सक की कथित लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत बन्ध्याकरण ऑपरेशन के दौरान मांझी सीएचसी में ही हो गई थी। ऑपरेशन में मौजूद चिकित्सक द्वारा पत्नी को जीवित बताकर तथा उसे जबरन एम्बुलेंस में लादकर आनन फानन में छपरा भेज दिया गया। उधर देर रात पोस्टमार्टम के बाद मृतका का शव लेकर लौटे परिजनों व दर्जनों ग्रामीणों ने मांझी प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में पहुँचकर हंगामा शुरू कर दिया। पीड़ित परिजन मांझी सीएचसी परिसर में शव रखकर प्रदर्शन करने पर आमादा थे। मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों के समझाने बुझाने तथा दोषी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन शव लेकर कटोखर के लिए रवाना हो गए। रविवार को स्थानीय ड्यूमाइगढ घाट पर मृतका के शव का दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। शव यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण आदि शामिल हुए।ग्रामीणों ने बताया कि मृतका के परिजन इन्दिरा आवास योजना से बने घर में अपना गुजारा करते हैं तथा पति पत्नी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका की बृद्ध सास पानपति कुँअर के अलावा पति सुरेश पंडित एवम उसके पांच पुत्र क्रमशः सूरज, लक्ष्मण, मुन्ना, सरोज तथा सुमित एवम पुत्री स्वीटी सभी मानसिक तौर पर अर्द्ध विक्षिप्त व नाम मात्र के पढ़े लिखे हैं। परिवार की माली हालत को देखते हुए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग स्वरूप चंदा एकत्रित कर मृतका का दाह संस्कार किया। मिली जानकारी के अनुसार माँझी सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ रोहित कुमार ने मृतका के दाह संस्कार के लिए पीड़ित परिजनों को 30 हजार रुपये सहयोग स्वरूप प्रदान किया।मौके पर पहुँचे माँझी के प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार ने पाँच हजार रुपये तथा स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह ने कबीर अन्त्येष्टि योजना का तीन हजार रुपये एवम थानाध्यक्ष ने भी दो हजार रुपये का नगद सहयोग प्रदान किया।महिला मरीज की मौत के बाद नाराज ग्रामीणों द्वारा माँझी सीएचसी परिसर में हंगामा करने अथवा सड़क जाम किये जाने की आशंका के मद्देनजर देर रात्रि को ही छपरा से बड़ी संख्या में पुलिस बुला ली गई। मिली जानकारी के अनुसार देर रात को पुलिस लाइन का सायरन बजने लगा और देखते ही देखते पाँच बसों पर सवार होकर लगभग दो ढाई सौ पुलिस बल के जवान माँझी थाना परिसर पहुँच गए। हालाँकि बाद में स्थिति सामान्य पाकर थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों को वापस छपरा भेज दिया।

## बिहार प्रदेश स्वच्छता विभाग का क्षेत्रिय प्रभारी बने मुकेश कुमार सिंह व लालबाबू पटेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा बिहार प्रदेश द्वारा पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह उर्फ बबलू एवं समाजसेवी लालबाबु पटेल जी को बिहार प्रदेश स्वच्छता विभाग का क्षेत्रिय प्रभारी का दायित्व मिलने पर बिहार प्रदेश कीड़ा प्रकोष्ट प्रभारी अभय कुमार सिंह के द्वारा रविवार को अंग-वस्त्र एवं फूल माला पहनाकर पार्टी के कई पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया । साथ ही सभी कार्यकर्ताओ के द्वारा मिठाई खिलाकर हर्ष ब्यक्त किया गया। प्रदेश नेता अभय कुमार सिंह ने कहा की सोनपुर के लाल मुकेश कुमार सिंह बबलू एवं सबलपुर मध्यवर्ती के लालबाबु पटेल जी पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है उसके लिये सोनपुर भाजपा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया एवं सभी शीर्ष नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता है। मुकेश कुमार सिंह एवं लालबाबु पटेल जी पुरी निष्ठा ईमानदारी और समर्पण से पार्टी के दायित्वयो का निर्वहन करेंगे।ऐसा सोनपुर भाजपा कार्यकर्ताओ को पूर्ण विश्वास है। स्वागत करने वाले मे हेम नारायण सिंह,उपेंद्र सिंह,रवि रंजन,सिंह,नरेशु सिंह ,पत्रकार विश्वनाथ सिंह,पत्रकार ,संजीत कुमार ,समाजसेवी प्रभात रंजन,डॉ आशुतोष कुमार रितेश, महेश कुमार, उमाशंकर सिंह, सुनील दुबे, राजेश कुमार पप्पु, राजेश कुमार राज, सूर्याप्रकाश सिंह मुन्ना, हर्षवर्धन, जयंत कुमार सिंह,वैभव सिंह सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्त्ता,बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों ने स्वागत किया एवं दूरभाष पर फोन कर बधाईयाँ दिया।





## सोनपुर पुलिस ने वैशाली जिले के फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

### 2 मोटरसाइकिल,1 देशी पिस्तौल, 2 मैगजीन, 10 जिंदा कारतूस,7 मोबाइल जब्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग कांड में संलिप्त फरार अभियुक्त को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर मौके पर देशी पिस्टल 1, मैग्जीन 2 , 7.65 एमएम के 10 कारतूस ,दो मोटरसाइकिल ,7 मोबाइल को जप्त कर लिया है। सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुन्ना राय उर्फ मुकुट राय पिता शिवचंद्र राय घर खवाजपुर बस्ती थाना बालिगाँव जिला वैशाली के रहने वाला है । थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि वैशाली जिले के कहलगांव थाना में अलग-अलग आपराधिक घटनाओं के अंजाम कुल 5 कांड में संलित अपने क्षेत्र से फरार होकर मुन्ना राय उर्फ मुकुट राय अपनी पहचान छुपा कर एवं छिपकर थाना क्षेत्र में रह रहा था जिसे वलीगांव थाना के पुलिस एवं सोनपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से मिलकर छपमारी कर गिरफ्तार किया है।

## अपराध की योजना बनाते चार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** शनिवार की रात माँझी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मुबारकपुर के परिसर में इकट्ठा होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे चार सशस्त्र अपराधकर्मियों को स्थानीय थाना पुलिस ने छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा तथा धारदार हथियार एवम मोबाइल आदि जब्त किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम द्वारा माँझी थाना में उक्त आशय की एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में यह कहा गया है कि शनिवार की रात पुलिस पदाधिकारी रामजी यादव तथा डीएपी के सिपाही क्रमशः विवेकानंद कुमार,श्रवण कुमार यादव तथा सोनू कुमार के साथ वे रात्रि गश्ती हेतु थाना क्षेत्र के कटोखर पहुँचे तभी गुप्त सूचना मिली कि मुबारकपुर कन्या पाठशाला में लगभग आधा दर्जन अपराधकर्मी हरवे हथियार से लैस होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पाकर पहुँची माँझी पुलिस की टीम ने विद्यालय को घेरकर छापेमारी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों में थाना क्षेत्र के मुबारकपुर रेवल टोला निवासी शम्भू यादव का पुत्र चन्दन कुमार यादव,महम्मदपुर निवासी रंजीत पाण्डेय का पुत्र उपेन्द्र पाण्डेय,सिंगही गांव निवासी तूफानी महतो का पुत्र अभिमन्यु महतो उर्फ पंकज महतो तथा गरहन महतो का पुत्र अच्छे लाल कुमार शामिल हैं।



## शिक्षा पदाधिकारी की मौजूदगी में शिक्षा सुधार को लेकर बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के बहरौली पंचायत के पंचायत भवन के सभागार में प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहरौली मुखिया अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में पंचायतों में चल रहे सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गईं। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी भी मौजूद रहीं। अजीत सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से शिक्षा सुधार में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की भी प्रतिनियुक्ति हो रहीं हैं पर अभी भी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति नहीं हो पा रही हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी विद्यालयों के बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ हर विधालय पर बच्चों के शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु लोगों को जागरूक करने तथा विद्यालय का संचालन सही समय से करने के साथ कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित विधालय प्रधान में दीनानाथ साह, रामाशंकर सहनी, पवन कुमार पाण्डेय, अभय पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, कविता कुमारी, सीमा कुमारी, रंजीत कुमार प्रसाद, आदित्य पाण्डेय, प्रभात कुमार समेत कई मौजूद रहे।

**मशरक के महाराणा प्रताप चौंक और अम्बेडकर चौंक पर लगेंगे कैमरे: दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** परिवहन विभाग ने यातायात नियमों में सख्ती और बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने वालों लगाम कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में मशरक थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौंक और अम्बेडकर चौंक पर कैमरे लगाए जाएंगे।इसकी जानकारी सारण डीटीओ शंकर शरण ओमी ने दी उन्होंने बताया कि जिले में विधि व्यवस्था और अवैध वाहन चालकों पर नकेल कसने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। अब चालान कैमरे में कैद वाहन के नंबर के आधार पर कटेगा। उन्होंने बताया कि इस कड़ी में सारण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र और छपरा नगर निगम क्षेत्र से सटी मुख्य सड़कों के चौंक चौराहे और शहर में कैमरे लगानें की कवायद शुरू कर हो रहीं हैं।

## सोनपुर में जगह-जगह लगाएं गए पोस्टर, बैनर को हटाया गया

### लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता का पालन हुआ शुरू

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान शनिवार को होते ही प्रशासन ने पूरी तैयारी में जुट गई है । देश भर में आदर्श आचार संहिता प्रभावी सोनपुर में भी दिखने लगा है। लोकसभा चुनाव सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण में चुनाव 20 मई को होगी जबकि 26 अप्रैल से नामांकन पत्र दाखिल होगा जो 3 मई तक चलेगी । 4 जून को मतगणना होगी वहीं जिले में धारा 144 लागू हो गई है ।सोनपुर एसडीओ कुमार निशांत विवेक के निर्देश पर सोनपुर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह लगाए गए पोस्टर, बैनर ,पार्टी के प्रचार प्रसार के लिखी हुई चीजो को मिटाना व हटाना रविवार के दिन भर चलता रहा । इतना ही नहीं लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही अब कोई भी नया काम शुरू नहीं हो सकेगा । यहां तक की किसी भी योजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी है। जो योजनाएं पहले से शुरू है उस पर रोक नहीं लगेगी। मनरेगा जैसी योजनाएं चलती रहेगी वहीं दूसरी ओर सोनपुर प्रखंड के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ जगह-जगह लगायें गए पोस्टर बैनर लिखी गई प्रचार प्रसार को हटवाना, मिटवना शुरू कर दिया । जहां रविवार के दिन सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में पोस्टर बैनर टँगे प्रचार प्रसार से मुक्ति मिल गई है।



## खरीददारी की गयी मछली के मुल्य मांगने पर गाली-गलौज कर दुकान को जलाया

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के चरिहारा नदी पुल के पास हरिमोड़ के सामने एक मछली व्यवसायी की दुकान मे महज 1 किलो मछली के मुल्य मांगने के कारण आग लगा दी गयी। अगलगी मे 10 हजार रुपए नगद सहित 2 क्विंटल मछली जलकर राख हो गयी। इस मामले मे मछली व्यवसायी मशरक थाना क्षेत्र के चरिहारा गांव निवासी स्व चन्द्रिका साह का पुत्र दुलारचन्द्र साह द्वारा थाना मे आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गयी है। जिसमे कहा गया है कि शनिवार को शाम रामघाट गांव निवासी नथुनी सिंह के पुत्र सचिन कुमार सिंह नशे की हालत मे आकर एक किलो मछली लिए।मछली का मुल्य मांगने पर गाली-गलौज करते हुए दुकान मे आग लगाने की धमकी देकर चले गए। रविवार को सुबह दुकान मे आग लगने की खबर मिली। जब दुकान के पास आया तो आस पास के लोगो ने बताया कि घटना को अंजाम देकर भागते हुए उसे देखा गया है। दुकान मालिक ने बताया कि 10 हजार रुपए नगद सहित 2 क्विंटल मछली दुकान मे थी जो जलकर राख हो गयी है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## चोरी से विधुत जलाने पर सोनपुर थाना में हुआ एफआईआर

**सोनपुर।** विधुत विभाग शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने एवं बकाया राशि के भुगतान के लिए एसटीएफ छपरा के द्वारा 3 टीम का गठन किया गया है जो तीनों टीम अलग-अलग स्थान पर पहुंचकर विधुत बकाया राशि रखने वाले लोगों को विधुत विच्छेद कर रहे हैं जो उपभोक्ता ,/लोग चोरी से विधुत उपयोग कर रहे हैं वैसे लोगो को छापामारी कर उसे पड़कर उसके खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर रहे हैं या जिनके यहां विधुत से संबंधित समस्याएं हैं उसके निदान करने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में विधुत विभाग के टीम ने दुधइला भिंडी टोला में बच्चा राय पिता स्व कमला राय के घर में छापामारी कर चोरी से विधुत का उपयोग करते पकड़े गए।चोरी से विधुत उपयोग करने के खिलाफ विभाग को कुल 23865/--की क्षति होने पर सोनपुर थाने में नामजद प्राथमिक की दर्ज की गई हैं। इस बात की जानकारी देते हुए विधुत विभाग के जेई सूरज कुमार ने रविवार को देते हुए बताया कि इस छापामारी मे विधुत विभाग कर्मी एसटीएफ छपरा अमित कुमार,कुमार तेजस्वी,हिमांशु नारायम,रमेश मांझी, रामबचन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित।

## गरखा में मेधा छात्रवृति परीक्षा आयोजित



**दैनिक खोज खबर/गरखा।** शहर के हेब्रेन मिशन स्कूल मे बीडीएस कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान के द्वारा रविवार को एक दिवसीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें गरखा बिधानसभा के विभिन्न पंचायतों से सैकड़ों छात्र ने इस मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हुए। वही यह परीक्षा संस्थान के प्रिंसिपल निशा गुप्ता के देख रेख में सुबह 09 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुई । वही बीडीएस कम्प्यूटर संस्थान के निर्देशक ने बताया कि हमारी संस्थान के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जाती है,जिसमे प्रथम सेकंड थर्ड नम्बर में अच्छे अंक से उत्तीण दर्जनों छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा दी जाएगी एवं प्रथम अंक लाने वाले छात्रों को संस्थान के द्वारा कम्प्यूटर सेट दी जाएगी।वही टिंकू गुप्ता ने यह भी कहा हमारी संस्थान जिले के प्रत्येक शहर में इस तरह की प्रतियोगी परीक्षा कराएगी गरीब मेधावी छात्रों को इस डिजिटल शिक्षा से जुड़कर सभी को इस आधुनिक डिजिटललाइजेशन से जोड़ेगी उक्त मौके पर शिक्षक उपस्थित थे। रमेश शाह,कुंदन सर,अशोक सिंह, अंशु राज, ईशा कुमारी, डीके, पूजा कुमारी, अमीरुल अंसारी,रौशन रोहित एवं संजीत आदि लोग मौजूद थे।

## टी - 20 लीग का फाइनल मुकाबला में पंजवार की टीम विजयी

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** जामिया इस्लामिया क्रिकेट टूर्नामेंट इमादपुर के द्वारा टी 20 लीग का फाइनल मुकाबला शनिवार को पंजुआर और भुइली के बीच खेला खेला गया। इस दौरान पंजुआर ने टॉस जीत कर भुईली को बैटिंग करने का मौका दिया, जिसमें भुईली ने 5 विकेट खोकर 238 रन बनाया। वही पंजावर ने मैच को 14 ओवर में ही 242 रन 6 विकेट खोकर बना लिया। पंजुआर के तरफ से खेल रहे नाहिद खान ने शानदार शतक जोड़ा। वही भूईली के टीम से भी दोनों ओपनर ने अर्धशतक बनाया। मैच का कमेंट्री बुधन तिवारी और नौशाद अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि राजद नेता टूना जी पांडे और मुन्ना भवानी ने फीता काट कर मैच का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं अंत में विजेता और उप विजेता टीम के कप्तान को आगत अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष संत सिंह, राजद उपाध्यक्ष विजय सिंह, विक्की सावन, रविंद्र ठाकुर, चंचल मिश्रा, मंजेश पाठक, सरफराज खान, अजीत सिंह, मनोहर हुसैन, तैयब अंसारी, अत्ताउल्लाह भाई, वसीम राइडर सहित सैकड़ो गणमान्य लोग और दर्शक मौजूद थे।

## देशी शराब जप्त, कारोबारी महिला गिरफ्तार

**सोनपुर ।** पहलेजाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरिका गांव में पुलिस ने छापामारी कर देसी शराब बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार करते हुए मौके पर देसी शराब को जप्त कर लिया । इस बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने रविवार को बताया कि खरिका के राजकुमार चौधरी की पत्नी आशा देवी को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है । उसके पास से 2 लीटर देसी शराब भी बरामद किया गया है।

## मशरक के अलग अलग गांव में मारपीट में तीन महिला जख्मी , पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में अलग अलग हुए जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में तीन महिला समेत अन्य जख्मी हो गए । सभी की चिकित्सा मशरक स्वास्थ केंद्र में कराया गया। पहली घटना गंडामन गांव में हुई जिसमे जितेंद्र कुमार साह की पत्नी प्रभा देवी के दरवाजे पर लाठी डंडे से लैस गांव के ही हरेंद्र साह सहित चार लोग पहुंच गाली गलौज करते हुए मारपीट कर निर्वस्त्र कर दिया। मां को पीटते देख बचाने आए पुत्र अंकित कुमार को भी जख्मी कर महिला के गले से सोने का चेन सहित अन्य सामान लेकर भाग गए। बरवाघाट बलुआ गांव में विधवा रामसुंदरी देवी को महज 10 कट्ठा जमीन के लिए मायके के रहने वालो ने मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इलाज के बाद मशरक पुलिस को दिए आवेदन में स्व नगनारायण साह की पत्नी रामसुंदरी देवी ने कहा है कि वो अपने पिता की इकलौती संतान है पिता के मौत के बाद 10 कट्ठा जमीन दखल करने को लेकर मायके के रहने वाले सिकटी भीखम निवासी दिलीप सिंह पिता लालबाबु सिंह एवं गोढना निवासी फागू साह ने जबरन दखल कर लिया है पूछताछ करने पर मारपीट कर भगा दिया। हरपुरजान पवरिया टोला गांव में मारपीट में रजिया खातुन घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लोकसभा चुनाव के ले हुसैनगंज पहुंची अर्द्धसैनिक बल की एक कंपनी

### 127 बूथों पर 132860 मतदाता करेंगे मतदान

**सिवान।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। हालांकि चुनाव छठे चरण में 25 मई को होना है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से अर्धसैनिक बल बीएसएफ की कंपनी हुसैनगंज प्रखंड मुख्यालय पहुंची चुकी है। यह जानकारी देते हुए बीडीओ राकेश कुमार चौबे ने बताया कि छठे चरण में सिवान जिले में 25 मई को लोकसभा चुनाव होना सुनिश्चित है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से अर्धसैनिक बल बीएसएफ की कंपनी हुसैनगंज प्रखंड के एमएस उच्च विद्यालय में ठहराया गया है। साथ ही अर्धसैनिक बल के ठहराव के लिए तीन और स्थलों को चयनित किया गया है। इसमें गया दास उच्च विद्यालय रसीदचक, उच्च विद्यालय सहदुलेपुर एवं उच्च विद्यालय बड़रम शामिल हैं। वहीं चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। आचार संहिता लागू होने के बाद सभी प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड में हैं। सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न चौक-चौराहे पर गश्त बढ़ा दी गई है। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी पुलिस लगातार नागरिकों को विवादित पोस्ट करने एवं इस तरह के मामले से दूर रहने की चेतावनी दे रही है। प्रखंड अंतर्गत 15 पंचायत और एक नगर पंचायत गोपालपुर मिलाकर 127 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां 25 मई को कुल एक लाख 32 हजार 860 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 68 हजार 338 पुरुष मतदाता तथा 64 हजार 522 महिला मतदाताओं की संख्या है। पारदर्शी चुनाव को लेकर 13 सेक्टर पदाधिकारी बनाए गए हैं।

## मारपीट की अलग-अलग घटना में 11 घायल

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रविवार को हुई मारपीट की घटना में 11 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घायलों में धनौती निवासी डोमा बैठा के पुत्र धनेश रजक, पत्नी कोवमी देवी, पुत्र रिबुल कुमार, अजीत कुमार, सिरसांव मठिया निवासी धर्मेंद्र साह की पत्नी अनीता देवी, गोपाल यादव के पुत्र नागेंद्र यादव, पोमड़ यादव के पुत्र गोपाल यादव, मछौता निवासी रामवृक्ष चौधरी के पुत्र हरिकिशोर यादव, दारौंदा निवासी धर्मनाथ साह के पुत्र नंदकिशोर साह, रुकुंदीपुर निवासी शाहिल तथा सुमित साह शामिल हैं।

## घर से बाहर निकली नाबालिग रहस्यमय ढंग से गायब

**दारौंदा(सिवान)।** थाना क्षेत्र एक गांव से 16 मार्च की सुबह घर से बाहर निकली नाबालिग रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। इस मामले में नाबालिग की मां ने रविवार को थाना में आवेदन देकर पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। उसने आवेदन में कहा है कि उसकी पुत्री शनिवार की सुबह किसी काम से घर से बाहर गई थी, जब देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। उसके मोबाइल पर संपर्क किया गया तो स्वीच आफ बता रहा है। नाबालिग की मां ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस प्रशासन से पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मारपीट में महिला समेत तीन घायल

**लकड़ी नबीगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के तेलिमापुर में रविवार को आपसी विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें में संतोष सिंह की पत्नी मनोहर देवी, शंभू सिंह सिंह एवं उनके पुत्र अरविंद कुमार घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों का उपचार नबीगंज अस्पताल में कराया गया।

## मारपीट में युवक घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मदारपुर में रविवार को आपसी रंजिश को ले हुई मारपीट में गांव के ही अब्दुल कुदुस के पुत्र करमुल्लाह रजा घायल हो गया। स्वजनों द्वारा उसका इलाज नबीगंज अस्पताल में कराया गया। समाचार प्रेषण तक पीड़ित द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

## पांच लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बसंतपुर (सिवान)।** स्थानीय थाने की टीम ने 15 मार्च को सरेयां अंसारी टोला में छापेमारी कर पांच लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर सरेयां अंसारी टोला निवासी बिजेंद्र राम के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

**नौतन(सिवान)।** थाना क्षेत्र के खलवां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित युवक चंदन साहनी ने थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। उसने आरोप लगाया है कि शनिवार की सुबह चाय पीने गांव के ही जयश्री मोड़ जा रहा था तभी पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने उसे घेर लिया तथा मारपीट करते हुए झरही नदी की ओर ले जाकर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने के दौरान चाकू बाईं हाथ पर लगी इससे मैं घायल हो गया। आसपास के लोगों को आते देख हमलावर वहां से फरार हो गए। थानाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## घर का ताला तोड़ आभूषण व कपड़े की चोरी

**सिसवन(सिवान)।** थाना क्षेत्र के चिरैया मठिया में चोरों ने एक घर के कमरे का ताला तोड़कर आभूषण व कपड़े समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली। इस मामले में गृह स्वामी विश्वनाथ भारती ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे। जब स्वजनों की नींद खुली तो घर के दो कमरे का ताला टूटा देख सभी हैरान हो गए। जब अंदर जाकर देखे तो चोरों द्वारा दो बक्सा को तोड़ उसमें आभूषण व कीमती कपड़े की चोरी कर ली गई थी। इस दौरान चोर एक सूटकेस लेकर फरार हो गए थे।

## संत के कुटिया में शरारती तत्वों ने लगाई आग

**सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड मुख्यालय स्थित काली ब्रह्म स्थान के समीप संत टिकुलिया बाबा के कुटिया में शनिवार की रात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। इस दौरान हजारों की संपत्ति जल कर राख हो गई। बाद में ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। संत टिकटुलिया बाबा ने बताया कि वे शनिवार की रात कुटिया में सोए हुए थे। तभी आधी रात शरारी तत्वों ने आग लगा दी। जब आग की चिंगारी गिरने लगी तो उनकी नींद खुली। किसी तरह वे जान बचाकर कुटिया से बाहर निकलकर शोर मचाना शुरू किए, लेकिन उनकी कुटिया बस्ती से दूर होने के कारण जब तक लोग दौड़कर पहुंच आग पर काबू पाते उनकी कुटिया जलकर राख हो गई। आग लगने से कुटिया में रखे गए तीन चौकी, तीन चारपाइ, खाने- पीने सामान, कपड़े, 15 हजार रुपये समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। इस घटना के बाद उनके पास रहने व खाने के लिए कुछ नहीं बचा है। पिछले साल भी शरारती तत्वों ने उनकी कुटिया में आग लगा दी थी। इस मामले में संत टिकुलिया बाबा ने अज्ञात के विरुद्ध थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### भागवत पूरन भी और भागवत शास्त्री भी : पुंडरीक

# श्री गायत्री पुरश्चरण में बह रही श्रद्धा व भक्ती की रसधारा

### कथा सुनने के लिए उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**दैनिक खोज खबर/ पंचदेवरी(गोपालगंज)।** श्रीमद् भागवत की कथा मानव को जीवन जीने की कला देती है। भागवत पूरन भी है। और भागवत शास्त्र भी है। पूरन विद्या आती पुरानी विद्या है । अति प्राचीन है। पुराण भक्ति का परिचायक है। वेद ज्ञान का परिचय एक है। और आगम कर्म और उपासना का परिचायक है। उक्त बातें श्रीराम जानकी मंदिर भाठवां में संत शिरोमणि बाबा विशंभर दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ के सातवें दिन काशी से पधारे जगतगुरु डॉ. पुंडरीक शास्त्री ने भागवत के माहात्म्य की कथा के दौरान कही । उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत के महत्व में महात्म्य की कथा 6 अध्यायों में वर्णन की गई है ।



श्रीमद्भागवत के प्रारंभ में बताया गया की कथा क्यों सुनें । और एक अध्याय में यह वर्णन किया गया है कि कथा कैसे सुने । भागवत पुराण के प्रारंभ में लौकिक और अलौकिक दोनों कथाओं का वर्णन है । श्रीमद् भागवत जीवन की संहिता है । भागवत वैष्णव का परम धन है। संतों का चिंतन है। और भारत की धड़कन है । वहीं मानस कोकिला कुमकुम मिश्रा ने कहा कि कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है जब हम इसको अपने जीवन में उतार लें। राम कथा का श्रवण कर हर मनुष्य अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण कर सकता है। राम कथा श्रवण मात्र से मन को शांति व मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि राम कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होते हैं। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। मौके अर्धेन्दु बाबू , सर्वेश्वर दास, उपेन्द्र मिश्र, यज्ञ के ब्रम्हा चन्द्रशेखर द्विवेदी, पं अमीत पाण्डेय, यजमान धनंजय मिश्र, निराला बाबा, दीपक त्यागी, संतोष दुबे, हरकेश मिश्र, सभाजीत पाण्डेय, प्रदीप सिंह, बुलट मुखिया, मुकेश दास, श्रीराम मिश्र, वशिष्ठ पाण्डेय, चन्द्रमा यादव, रवि रंजन श्रीवास्तव, सच्चिदानंद आदि थे ।

## भारत विकास परिषद् देशरत्न शाखा सिवान की कार्यकारिणी गठित




**दैनिक खोज खबर/सिवान।** भारत विकास परिषद्, देशरत्न शाखा सिवान का सत्र 2024-25 की टीम का सर्वसम्मति से रविवार को चुनाव संपन्न हुआ।भारत विकास परिषद् देशरत्न शाखा सचिव भारत भूषण पाण्डेय ने जानकारी दी कि प्रांतीय प्रवेक्षक विनोद कुमार नन्दे जी की मार्गदर्शन में सत्र 2024 - 25 के लिए डॉ सौरभ कुमार को अध्यक्ष, डॉ सुधांशु शेखर त्रिपाठी व मधुसूदन पंडित को उपाध्यक्ष, भारत भूषण पाण्डेय को सचिव, डॉ संजीत कुमार सिंह को संगठन सचिव एवं अधिवक्ता अमित कुमार सिंह, डॉ अंजू सिंह, सतीश पाण्डेय, अतुल कुमार श्रीवास्तव व रुपेश कुमार सिंह को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित किया गया। समारोह का संचालन नवीन सिंह परमार ने किया।

इस मौके पर उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध राष्ट्रवादी विचारक प्रोफेसर रविन्द्र पाठक ने कहां कि भारत विकास परिषद् नर सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य को लेकर विभिन्न व्यवसाय व कार्यों में लगे श्रेष्ठतम लोगों का एक राष्ट्रीय और गैर राजनैतिक व निस्वार्थ समाज सेवी एवं संस्कृति संगठन है। इसका उद्देश्य भारतीय समाज का सर्वांगीण विकास करना है। 1963 में दिल्ली में प्रारंभ हुई एक शाखा से अब समस्त देश में इसकी 2500 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं।

**समाज के विशिष्ट लोगों को किया गया सम्मानित-**
देशरत्न शाखा सिवान के प्रथम वार्षिकोत्सव में समाज जीवन में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि के क्षेत्र से खलवा पंचायत के मुखिया अमित कुमार सिंह, चिकित्सा क्षेत्र से डॉ संजीव कुमार सिंह व डॉ अंजू सिंह, व्यवसायिक क्षेत्र से शम्भू नाथ सिंह , राघवेन्द्र सिंह व मिथिलेश कुमार सिंह उर्फ बबलू जी, पत्रकारिता क्षेत्र से अरविंद पाठक व अमर नाथ शर्मा, संगीत क्षेत्र से विपेन्द्र कुमार मिश्र एवं खेलकूद क्षेत्र से संजय कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंदल कुमार सिंह, पंकज सिंह, डॉ सुधीर कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, चंदन दुबे, बबलू कुमार कुशवाहा, टिंकू सिंह, आकाश अग्रवाल, संजय पाठक, सत्य कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, आंनद मित्तल सहित दर्जनों की संख्या में शहर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

**महिला सदस्यों को किया गया सम्मानित-** भारत विकास परिषद् देशरत्न शाखा सिवान के प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर शाखा के महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ अंजू सिंह, अर्चना सिंह, गिन्नी सिंह, गुड्डन पाण्डेय, नितू सिंह, इन्दू सिंह व स्वेता अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

## बेटियां होती है घर की लक्ष्मी : साधना त्रिपाठी

**सिवान।** बड़हरिया प्रखंड के पहाड़पुर शिव मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन शनिवार की रात प्रवचन के दौरान कथावाचिका साधना त्रिपाठी ने कहा कि बेटी देश की धरोहर हैं। जिस घर में बेटी का सम्मान होता है वहां लक्ष्मी का वास होता है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में बेटियों का मान सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर इस संसार में बेटी नहीं रहती तो संसार आगे नहीं चलता। बेटियों का बहू, सास, पत्नी, बहन, मां, पुत्री समेत कई रूप होता है। इसलिए इनका सम्मान हर व्यक्ति को करनी चाहिए। जिस घर में बेटियों का सम्मान नहीं मिलता, उस घर में लक्ष्मी का निवास नहीं होता और उस घर का नाश हो जाता है। कहा गया है कि बेटा एक कुल को तारता है, तो बेटियां दो कुल को तारती है। आज समाज में बेटों से बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इसका अनुकरण समाज के बेटों को




करना चाहिए। उन्होंने लोगों से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बेटा व बेटी में कोई फर्क नहीं समझना चाहिए। जहां तक दहेज की बात है तो जब बेटियां शिक्षित होगी, तो दहेज रूपी कलंक अपने आप मिट जाएगा। थोड़ा समय लगेगा, बहुत जगह दहेज का बहिष्कार भी हो रहा है और सरकार इसके लिए कानून बना रही है। इस मौके पर ओमप्रकाश पांडेय, रवींद्र नाथ पांडेय, अश्वनी कुमार, अवधेश कुमार, विद्या यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।ज्ञात हो कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन सुबह व शाम पूजा एवं यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वैदिक मंत्रोच्चारण व जयकार से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

## आचार संहिता लगते ही बैनर पोस्टर हटाने का कार्य शुरू

**सिवान।** लोकसभा चुनाव को ले आचार संहिता लगते ही जिले के विभिन्न जगहों पर प्रशासन द्वारा बैनर-पोस्टर हटाने का कार्य शुरू हो गया है। आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रशासन सख्त दिख रहा है। साथ ही लोगों को आचार संहिता का पालन करने एवं बैनर पोस्टर नहीं लगाने की हिदायत दी जा रही है।



जानकारी के अनुसार रविवार को महाराजगंज शहर समेत अन्य जगहों पर बैनर-होर्डिंग हटाने का कार्य शुरू हो गया है। नगर पंचायत के ईओ हरिश्चंद्र की देखरेख में नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा शहर के नया बाजार, नखास चौक, राजेंद्र चौक, बाटा मोड़, पुरानी बाजार, काजी बाजार, कर्पूरी पथ से बैनर होर्डिंग हटाया गया। ईओ ने कहा कि बिना अनुमति के यदि किसी व्यक्ति द्वारा होर्डिंग-बैनर लगाया गया तो उसके विरुद्ध प्राथमिकी कराई जाएगी। वहीं दूसरी ओर दारौंदा में सीओ पूनम दीक्षित, बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, थानाध्यक्ष छोटन कुमार की संयुक्त टीम ने दारौंदा के विभिन्न जगहों पर लगे बैनर- पोस्टर हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पदाधिकारियों के निर्देश पर दीवार व सार्वजनिक स्थानों पर लिखे गए स्लोगन आदि को पेंटिंग कर मिटाया गया। वहीं लोगों से दोबारा सार्वजनिक स्थलों पर चुनाव प्रचार सामग्री न लगाने की हिदायत दी गई। इस अभियान के तहत प्रखंड मुख्यालय सहित बगौरा, भीखाबांध, डीबी बाजार, रानीबारी बाजार, दपनी बाजार, शेरपुर बाजार सहित विभिन्न गांवों सहित बाजारों के चौक-चौराहा समेत अन्य जगहों पर लगे बैनर-पोस्टर हटाने में संयुक्त टीम जुट गई। वहीं रघुनाथपुर प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न जगहों पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ अशोक कुमार, अंचलाधिकारी प्रत्यक्ष कुमार व थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी द्वारा विभिन्न जगहों पर लगे बैनर पोस्टर हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही अन्य लोगों को आचार संहिता का पालन करने तथा बैनर-पोस्टर नहीं लगाने की हिदायत दी जा रही है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

- **आधा दर्जन जगहों पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने किया मार्च**
- **नदी इलाको और शराब के खिलाफ चलाया सर्च अभियान**

दैनिक खोज खबर/गुठनी (सीवान)। गुठनी थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार की दोपहर अर्धसैनिक बलों और पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। जिसका नेतृत्व थानाध्यक्ष विकास कुमार ने किया। इस दौरान गुठनी थाना गेट, ब्लॉक गेट, बलुआ बाजार, ग्यासपुर, बलुआ, गुठनी चौराहा, तेनुआ मोड़, तेनुआ बाजार, पटेल चौक, मटिकोड़वा, निमतल्ला चौक, सेलौर बाजार होते हुए थाना परिसर में आकर खत्म हो गया। पुलिस चुनाव को लेकर स्थानीय लोगों को भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील किया। वही किसी भी तरह की शिकायत, दबाव, धमकी, रुकावट की सूचना पुलिस को तुरंत देने का आह्वाहन किया। जिससे ऐसा करने वाले लोगो पर सख्त कार्रवाई किया जा सके। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगो में



भयमुक्त वातावरण में मतदान करने का संदेश देना है। वही जहां किसी तरह की दिक्कत हो उसकी तुरंत जानकारी मिल सके। उनका कहना था की स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर चुनाव को शान्ति पूर्व ढंग से समाप्त होना ही मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया की मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा होने पर स्थानीय प्रशासन से तुरंत संपर्क करें। मौके पर एसआई गणेश चौहान, सोनी कुमारी, एएसआई विनय कुमार, समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## दो दशक से सड़क अतिक्रमण विवाद को प्रशासन से सुलझाया

**बड़हरिया(सिवान)।** थाना क्षेत्र के सुंदरपुर पंचायत के टोला सुंदरी में सरकारी सड़क को अतिक्रमण का विवाद करीब दो दशक से चल रहा था। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासन से की गई थी। इस मामले में सीओ सरफराज अहमद ने दोनों पक्षों से वार्ता कर इस समस्या का समाधान करा दिया। इस दौरान सीओ ने स्थल पर पहुंचकर सड़क की मापी कराई तथा जल्द अतिक्रमण हटाने का आदेश संबंधित व्यक्ति को दिया। बताया जाता है कि इस सड़क को विशुन माली द्वारा करीब 20 वर्षों से अतिक्रमण कर लिया गया था। इसको लेकर ग्रामीणों से विवाद होने के बाद दोनों तरफ से मुकदमा भी चला। इसको लेकर गोविंद माली के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा इसकी जांच करा विवाद सुलझाने का आग्रह किया गया था। इस अवसर पर सरपंच चंदा राम, मुखिया चंद्रमा राम, उमेश माली, कृष्णा माली, भरत माली, हरिद्वार माली, गोविंद माली समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शरारती तत्वों ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ध्वस्त, डीएम से गुहार

**महाराजगंज(सिवान)।** प्रखंड के जिगरहवां पंचायत के धोवलिया स्थित वार्ड संख्या 10 में एक दशक पूर्व जिला के सुरक्षित राशि से सात लाख की लागत से भवन, बाथ रूम, चापाकल लगा था, इसे शरारती तत्वों द्वारा भवन का चौकठ, खिड़की निकाल कर भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जब भवन का खंभा क्षतिग्रस्त हुआ तो इसकी सूचना लोगों ने बीडीओ को दी। बीडीओ ने स्थानीय पंचायत सचिव को प्राथमिकी करने का निर्देश देते हुए पल्ला झाड़ लिया था। लेकिन आज तक पंचायत सचिव द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं लोगों द्वारा भवन का ईंट समेत अन्य सामग्री गायब की जा रही है। परमात्मा प्रसाद ने बताया कि सामुदायिक भवन का निर्माण ग्रामीणों की सुविधा के लिए कराया गया था। पहले गांव के लोग इस सामुदायिक भवन का उपयोग शादी-विवाह, सामाजिक कार्य समेत अन्य समारोह के लिए करते थे लेकिन अब यह परिसर अन्य सामग्री रखने में किया जा रहा है। साथ ही सामुदायिक भवन परिसर में बकरी और पशुओं को बांधने का काम किया जा रहा है।परमात्मा प्रसाद ने डीएम से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा दबंगों से सामुदायिक भवन को मुक्त कराने की मांग की है।

## मारपीट मामले में प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट मामले में पीड़ित नंदकिशोर साह के बयान पर गांव के ही दिनेश सिंह, सुधांशु सिंह, सुनील सिंह एवं रूपेश सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में उक्त लोगों पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।